रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन

दिनांक: 24 अक्टूबर 2026

दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR-2026) के अंतर्गत विशेष अभियान के क्रम में रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा में एक विशेष मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अजिता रानी के दिशा-निर्देशन में किया गया। शिविर में उपस्थित बीएलओ डॉ. परमात्मा शरण त्यागी ने महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों, जैसे पासपोर्ट आकार का फोटो तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा हाईस्कूल प्रमाणपत्र की प्रति के साथ अपने क्षेत्र के बूथ पर जाकर बीएलओ से संपर्क करना होगा।



रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा



उन्होंने बताया कि जो युवा शिविर अथवा बूथ पर जाकर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, वे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्वयं भी ऑनलाइन फॉर्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, साइबर कैफे की सहायता से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डॉ. परमात्मा शरण त्यागी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है और प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, ताकि वह निर्वाचन के समय अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा अपने परिवार और आसपास के नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। शिविर के आयोजन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। शिविर के सफल आयोजन में महाविद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर युवाओं को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय का यह प्रयास युवाओं को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा

महिला सशक्तीकरण पर विशेष व्याख्यान एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को रामाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला (अमरोहा) में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला सशक्तीकरण विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास तथा समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में श्री स्वास्तिक साहनी, कवि एवं लेखक, ने अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री स्वास्तिक साहनी हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर हैं। वे यूजीसी-नेट उत्तीर्ण हैं तथा करियर लॉन्चर, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में अंग्रेज़ी भाषा प्रवीणता के शिक्षक भी हैं। उन्होंने अपने साहित्यिक एवं शैक्षणिक अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया।



रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा



महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रतीत कुमार ने अपने संबोधन में महिला सशक्तीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के प्रति सम्मान, समान अवसर और समानता की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएँ न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अजीता रानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सशक्तीकरण एक प्रगतिशील एवं समतामूलक समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित करने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर एवं सम्मान प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, सामाजिक संवेदनशीलता तथा लैंगिक समानता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता अग्रवाल द्वारा प्राचार्या डॉ. अजीता रानी के मार्गदर्शन में किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. उषा साहनी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सकारात्मक सोच और समानता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण

रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला, अमरोहा

भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान , तृतीय स्थान , सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के आयोजन में संयोजिका डॉ. उषा साहनी एवं सह-संयोजिका डॉ. श्वेता अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रतीत कुमार, डॉ. दीक्षा, डॉ. नेहा सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दोनों गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन में समस्त महाविद्यालय परिवार का सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रकार कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में महिला सशक्तीकरण, सामाजिक समानता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।